मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
# उल्हास विकास
■ वर्ष : 45 ■ अंक : 202 ■ बुधवार 5 नवंबर 2025 ■ पृष्ठ 4
3 रुपए
@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A.
Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

**विवादों से घिरा माधुरी दीक्षित का कनाडा शो**

## शहाड़ फ्लाईओवर बंद

- डामरीकरण और मरम्मत का काम आधी रात से शुरू
- 23 नवंबर तक यातायात की अनुमति नहीं




**उल्हासनगर.** आखिरकार लंबे इंतज़ार के बाद कल्याण-मुरबाड़ हाईवे पर शहाड़ फ्लाईओवर की डामरीकरण और मरम्मत का काम आधी रात से शुरू हो गया है। इसके चलते पुल पर यातायात बंद कर दिया गया है। ठाणे यातायात विभाग की अधिसूचना के अनुसार, यातायात प्रतिबंध लागू कर दिया गया और कुछ ही मिनटों में मशीनरी, मज़दूर और इंजीनियरों ने युद्धस्तर पर काम शुरू कर दिया। इस निर्णय के चलते, रविवार (तारीख 23) तक इस फ्लाईओवर पर यातायात की अनुमति नहीं होगी, यातायात विभाग के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राजेश शिरसाट ने बताया।

राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग और स्ट्रक्चर कंपनी के सहयोग से इस काम के लिए मशीनरी तैनात की गई है। पुल पर जमी पुरानी डामर की परत को पूरी तरह से हटाकर नई टिकाऊ परत लगाने की योजना है। इसके साथ ही, पुल की रेलिंग, लाइटिंग और कुछ अन्य ज़रूरी मरम्मत भी की जाएगी। उल्हासनगर यातायात विभाग के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राजेश शिरसाट और उनकी टीम इस काम पर विशेष नज़र रख रही है। यह कार्य 24 घंटे की शिफ्ट में जारी रहेगा और रोलर्स, कटिंग मशीनों और क्रेनों की आवाजाही रात में भी देखी जा सकती है।

परिवहन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, वाहन चालकों को 23 नवंबर तक वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस ने पुल के पास के चौराहों पर दिशा-निर्देश बोर्ड, निवारक बैरिकेड्स, रिफ्लेक्टर और सूचना पट्ट लगाए हैं। यातायात सुचारू रूप से जारी रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया गया है।



# अंबरनाथ-बदलापुर में 2 दिसंबर को चुनाव

- अंबरनाथ-बदलापुर नपा चुनाव की घोषणा से सभी चौंके
- केवल 24 दिनों में चुवार प्रक्रिया होगी पूरी
- शहर में हो रही चर्चा









**अंबरनाथ.** राज्य चुनाव आयोग ने आखिरकार उस चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है जिसका महाराष्ट्र के मतदाता कई महीनों से इंतज़ार कर रहे थे। मंगलवार को आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस कार्यक्रम की घोषणा की गई। इसके अनुसार, पहले चरण में राज्य भर में नगर पंचायत और नगर पंचायत के चुनाव होंगे, जबकि दूसरे चरण में जिला परिषद और महानगर पालिकाओं के चुनाव होंगे।

अंबरनाथ स्थानीय स्वराज्य संस्था के चुनाव मंगलवार को अचानक राज्य चुनाव आयोग द्वारा 2 दिसंबर को किए जाने की घोषणा से सभी चौंक गए हैं. आचार संहिता भी लागू हो गई है. 6 वर्ष तक चुनाव ना होने की प्रतीक्षा के बाद ये चुनाव होने जा रहे हैं. मतदाता सूची में भारी गड़बड़ी, बोगस मतदाताओं के नाम की लगभग हर एक प्रभाग से नगरपरिषद को शिकायतें प्राप्त होने के बाद इस संगीन मसले का हल ना निकालते हुए अचानक चुनाव की तारीखों की घोषणा से सभी हैरान हैं.

10 नवंबर से 2 दिसंबर के बीच केवल 24 दिनों के भीतर चुनाव की प्रक्रिया पूरी की जाएगी. 26 नवंबर को उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न देने के बाद केवल पांच दिन का समय उम्मीदवारों को प्रचार के लिए मिल रहा है. जिसकी शहर में चर्चा हो रही है.

### चुनाव कार्यक्रम...

- नॉमिनेशन फार्म दाखिल करने की शुरुआत – 10 नवंबर 2025
- नॉमिनेशन फार्म दाखिल करने की आखिरी तारीख – 17 नवंबर 2025
- नॉमिनेशन फार्म की जांच – 18 नवंबर 2025
- नॉमिनेशन फार्म वापस लेने की आखिरी तारीख – 21 नवंबर 2025
- उम्मीदवारों की फाइनल लिस्ट और चुनाव चिह्नों का बंटवारा – 26 नवंबर
- मतदान – 2 दिसंबर
- मतों की गिनती – 3 दिसंबर

मंगलवार को जैसे ही चुनाव की घोषणा की गई पक्ष के नेताओं, इच्छुक उम्मीदवारों में हलचल सी मच गई है. प्रभाग से उम्मीदवार कौन होगा, इस पर चर्चा शुरू हो गई है.

विदित हो कि अंबरनाथ नगर परिषद में 29 प्रभाग में 59 नगरसेवक चुने जाएंगे. शिवसेना-भाजपा में युति नहीं होगी तो दूसरी ओर महाविकास आघाड़ी, कांग्रेस, मनसे एवं शिवसेना (उबाठा), राकांपा (श.प.) में युति होने के आसार दिखाई दे रहे हैं. राकांपा (अप) क्या शिवसेना से युति करेगा, इस पर चर्चा हो रही है.

## भारी बारिश के बीच सड़क पर डामर बिछाने का काम

- उल्हासनगर निवासियों में रोष
- आंदोलन की चेतावनी



**उल्हासनगर.** शहर में लगातार हो रही बारिश के बीच उल्हासनगर महानगरपालिका ने डामर बिछाने का काम शुरू कर दिया है। गीली सड़कों और बजरी पर सीधे डामर डाले जाने से नागरिकों में गहरी नाराजगी है। इस काम को महज दिखावा बताते हुए मनसे ने महानगरपालिका के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी है।

शहर में शुक्रवार को बारिश के बीच कैंप क्रमांक 4 के मुख्य बाजार क्षेत्र में सड़कों पर बजरी पर डामर बिछाने का काम शुरू किया गया। बारिश के पानी के बीच यह काम होते देख नागरिकों ने रोष जताया। गीले डामर की उम्र कुछ ही दिन होती है! यह सिर्फ लोगों को दिखाने के लिए किया जा रहा है, नागरिकों ने इसकी आलोचना की। मनसे जिला अध्यक्ष बंडू देशमुख ने इस लापरवाह काम की कड़ी आलोचना की।

नागरिकों के टैक्स के पैसे का इस तरह बेजा इस्तेमाल किया जा रहा है। बारिश में डामर बिछाना एक मजाक है। कुछ ही दिनों में यह डामर बह जाएगा और गड्ढों का साम्राज्य फिर से खड़ा हो जाएगा, ऐसा देशमुख ने कहा। अगर इन कार्यों पर तुरंत रोक नहीं लगाई गई, तो मनसे अपने ही अंदाज में सड़कों पर उतरेगी, ऐसी चेतावनी देशमुख ने दी। बारिश का पानी सीधे दुकानों में घुसता है लापरवाह काम के कारण सड़कें ऊंची कर दी गई हैं; लेकिन दुकानदारों के फर्श नीचे हो गए हैं। इस वजह से बारिश का पानी सीधे दुकानों में घुस जाता है। इस स्थिति के लिए मनपा के इंजीनियर और अधिकारी जिम्मेदार हैं, ऐसा बंडू देशमुख ने कहा।

## कबाड़ की दुकानों के खिलाफ मनपा प्रशासन की कार्रवाई

- 70 हजार रुपये का जुर्माना वसूला



**उल्हासनगर.** मनपा ने आखिरकार उल्हासनगर में फुटपाथ पर अतिक्रमण कर कबाड़ का कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। मोहता देवी मंदिर रोड पर अव्यवस्था, बदबू और बाधाओं से परेशान नागरिकों को आखिरकार राहत मिली है। आयुक्त मनीषा आव्हाले के निर्देशानुसार, सहायक आयुक्त गणेश शिम्पी की टीम ने जेसीबी की मदद से अतिक्रमण हटाकर 70 हजार रुपये का जुर्माना वसूला है। इस कार्रवाई के बाद, इलाके में स्वच्छता और अनुशासन की हवा चल रही है।

पिछले कई महीनों से उल्हासनगर मनपा के पीछे मोहता देवी मंदिर रोड के फुटपाथ और सड़क किनारे कबाड़ व्यापारियों ने अतिक्रमण कर अपना कारोबार शुरू कर दिया था। इन अनधिकृत व्यापारियों ने सड़क पर लोहे, टिन, प्लास्टिक और अन्य कबाड़ के ढेर लगा दिए थे, जिससे नागरिकों और वाहन चालकों के लिए परेशानी की स्थिति पैदा हो गई थी। अंततः आयुक्त मनीषा आव्हाले ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित विभाग को तत्काल कार्रवाई करने के आदेश दिए। इसके बाद सहायक आयुक्त गणेश शिम्पी के नेतृत्व में एक टीम ने जेसीबी की मदद से अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान, अतिक्रमण की गई सामग्री जब्त की गई और नियमों का उल्लंघन करने वाले कबाड़ व्यापारियों से 70,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। नगर निगम के इस निर्णायक कदम से क्षेत्र में एक बार फिर अनुशासन और स्वच्छता का माहौल बना है।

नागरिकों ने आयुक्त और प्रशासन की सराहना की है और मांग की है कि ऐसे अतिक्रमणों के खिलाफ निरंतर कार्रवाई की जाए। प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई से, नागरिकों ने अस्थायी रूप से ही सही, राहत की सांस ली है।

## अंबरनाथ में अवैध ढाबे, हाथगाड़ी, टपरी पर कार्रवाई

- आर्डनेंस हदबंदी दीवार से लगकर की गई कार्रवाई

▸▸ उल्हास विकास संवाददाता







**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद अतिक्रमण विभाग द्वारा मंगलवार को कल्पना होटल के पास से साईबाबा मंदिर तक एवं केबी सड़क आर्डनेंस कंपनी के कम्पाउंड दीवार से लगकर अधिकृत निर्माण, टपरी, हाथगाड़ी वालों पर कार्रवाई की गई. यहां पर अवैध तरीके से बनाए गए आगरी तड़का ढाबा को जब विभाग कर्मचारी तोड़ने गए तो उसने नगर परिषद को ये लिखित में दिया है कि वह खुद ही इस ढाबा को हटा लेगा. नरेंद्र संखे ने कहा है कि अगर ये ढाबा नहीं हटाया गया तो पुलिस विभाग एवं नपा प्रशासन उस पर गुनाह दाखिल करेगा. ऐसा पत्र में सामने वाले ने लिखकर भी दिया है. केबी सड़क पर एवं आर्डनेंस कंपनी की दीवार से लगकर अवैध निर्माण, ढाबे और हाथगाड़ी वालों के कारण राहगीरों का फुटपाथ पर चलना मुश्किल हो गया था. इस सड़क पर दुर्घटनाएं भी बढ़ गई थी. इन सब बातों को देखते हुए प्रशासक मुख्याधिकारी के आदेश पर ये कार्रवाई की गई है. अतिक्रमण विभाग के अधिकारी नरेंद्र संखे, गावित की देखरेख में विभाग के कर्मचारियों ने ये कार्रवाई की है. संखे ने ये भी कहा है कि हटाए गए अवैध निर्माण यहां पर दोबारा बने तो उन पर पुलिस में अपराध दर्ज किया जाएगा. इस कार्रवाई के बाद हाथगाड़ी, फेरीवालों, अवैध टपरी बनाने वालों में हड़कम्प मच गया है.

## उल्हासनगर तालुका बार एसोसिएशन ने विरोध जताया

### शेवगांव के कोर्ट परिसर में वकील पर हमला

**उल्हासनगर.** शेवगांव के कोर्ट परिसर में लॉयर्स एसोसिएशन के सदस्य एडवोकेट रविंद्र साकट पर हमला किया।

उल्हासनगर तालुका बार एसोसिएशन ने इस घटना की कड़ी निंदा की है, जो सीधे तौर पर ज्यूडिशियरी की सुरक्षा और वकीलों की प्रतिष्ठा पर हमला है। आज उन्होंने विरोध में कोर्ट में लाल रिबन बांधा है।

## सेंट्रल अस्पताल पर प्रशासन की पैनी नज़र




- गुटखा, तंबाकू और शराब पर प्रतिबंध
- कई रंगे हाथों पकड़े गए

**उल्हासनगर.** एक साल पहले अस्पताल का कार्यभार संभालने वाले जिला केंद्रीय शल्य चिकित्सक मनोहर बनसोड़े के नशामुक्त अस्पताल बनाने के प्रयास सफल रहे हैं। सुरक्षा गार्डों ने सैकड़ों किलो नशीली दवाएं जब्त कर नष्ट कर दी हैं। ऐसा करते समय सुरक्षा गार्डों को कई तरह की परेशानियाँ उठानी पड़ी हैं।

एक साल पहले उल्हासनगर सेंट्रल अस्पताल की दीवारें लाल पान और गुटखे की पीक से रंगी हुई थीं। इससे अस्पताल का वातावरण प्रदूषित होता था। जब जिला शल्य चिकित्सक मनोहर बनसोड़े ने इस पर ध्यान दिया और उन्होंने सुरक्षा गार्डों की एक बैठक बुलाई। इस बैठक में सुरक्षा गार्डों को अस्पताल आने वाले हर व्यक्ति की जाँच करने का आदेश दिया गया। पान और गुटखे पर प्रतिबंध लगाने के साथ-साथ, इस कार्रवाई में गांजा, शराब, बीड़ी और सिगरेट भी जब्त की गईं। कुछ लोग मुंह में गुटखा छिपाकर अंदर घुसने की कोशिश कर रहे थे, तो कुछ दवा के पैकेट में शराब की बोतलें छिपाने की कोशिश कर रहे थे। हालांकि, निरीक्षण के दौरान सुरक्षा गार्डों ने उनकी पोल खोल दी। उल्हासनगर स्थित सेंट्रल अस्पताल में प्रशासन की सतर्कता कामयाब रही है। अस्पताल परिसर में गुटखा, तंबाकू और शराब जैसे नशीले पदार्थों पर प्रतिबंध सफल रहा है।

## शहाड पुल के पास मालवाहक टेंपो पलटा




**कल्याण.** शहाड पुल पर मोड़ लेते समय एक मालवाहक टेंपो पलट गया। इस दुर्घटना में टेंपो चालक और एक छोटा लड़का बाल-बाल बच गए।

जानकारी के अनुसार, टेंपो पुल पर मोड़ लेने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान टेंपो चालक ने नियंत्रण खो दिया और वह पलट गया। इस टेंपो में चालक और उसका छोटा बेटा सवार थे। दोनों इस दुर्घटना में बाल-बाल बच गए। इस दुर्घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है और चर्चा का विषय बन गया है। इस बीच, इस दुर्घटना के कारण सड़क पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित रहा; हालाँकि, प्रशासन ने तुरंत यातायात सामान्य करने का प्रयास किया।

## कल्याण स्टेशन से 8 माह का बच्चा चोरी, 2 गिरफ्तार

- घटना CCTV में कैद
- मौसी सविता खरे को गिरफ्तार

**कल्याण.** एक चौंकाने वाली घटना हुई है जिसमें कल्याण रेलवे स्टेशन पर फुटब्रिज पर सो रहे एक मज़दूर दंपत्ति का आठ महीने का बच्चा चोरी हो गया। पूरी घटना CCTV कैमरे में कैद हो गई, और पुलिस ने सिर्फ़ छह घंटे के अंदर दो बच्चा चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की दी गई जानकारी के मुताबिक, पुणे से मज़दूरी की तलाश में आए नीलेश कुंचे और उनकी पत्नी पूनम कुंचे अपने तीन बच्चों के साथ कल्याण स्टेशन पर ब्रिज पर सो रहे थे। इसी बीच, अक्षय खरे नाम के एक युवक ने आधी रात के करीब उनके आठ महीने के बच्चे को चुरा लिया। जैसे ही यह घटना सामने आई, कल्याण रेलवे पुलिस और महात्मा फुले पुलिस स्टेशन ने मिलकर जांच शुरू की। CCTV फुटेज के आधार पर पुलिस ने छह घंटे के अंदर अक्षय खरे और उसकी मौसी सविता खरे को गिरफ्तार कर लिया। बच्चा सही-सलामत वापस मिल गया है, और पुलिस इस चोरी के पीछे के असली मकसद की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों ने इस तेज़ कार्रवाई के लिए पुलिस की तारीफ़ की है।

## खड़से के घर चोरी का उल्हासनगर कनेक्शन



**उल्हासनगर।** वरिष्ठ राकांपा नेता और विधायक एकनाथराव खड़से के जलगाँव स्थित आलीशान बंगले में हुई चोरी के मामले में अब एक रोमांचक उल्हासनगर कनेक्शन सामने आया है। उल्हासनगर के दो शातिर अपराधी जो आपस में भाई हैं, इस चोरी की घटना में शामिल हैं और जलगाँव पुलिस उनकी तलाश में उल्हासनगर पहुँच गई। विट्ठलवाड़ी पुलिस के साथ मिलकर संदिग्धों की तलाश में एक संयुक्त अभियान चलाया गया और इस घटनाक्रम ने पूरे राजनीतिक हलके में हलचल मचा दी है।

जलगांव के शिवराम नगर स्थित खडसे के बंगले से दो दिन पहले आधी रात को सात से आठ तोला सोना और करीब 35,000 रुपये नकद चोरी हो गए थे। लेकिन आगे की जाँच में पता चला कि यह मामला सिर्फ़ छोटे-मोटे चोरों का नहीं था। चोरों ने घर की खास अलमारियों को खोला और वहाँ रखी ज़रूरी फाइलों, सीडी और पेन ड्राइव पर ही हाथ साफ़ किया।




## अंबरनाथ की उन्नत जलापूर्ति योजना में देरी

- आवश्यक भूमि वन विभाग द्वारा नहीं की गई हस्तांतरित
- 258 करोड़ रुपये की योजना

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ शहर में भविष्य की जल संकट की समस्या के स्थायी समाधान के लिए अमृत योजना चरण 2 के अंतर्गत स्वीकृत 258 करोड़ रुपये की उन्नत जलापूर्ति योजना वन विभाग द्वारा विलंबित हो रही है। इस योजना का मुख्य घटक, जल शोधन संयंत्र स्थापित करने के लिए आवश्यक भूमि, अभी तक वन विभाग द्वारा हस्तांतरित नहीं की गई है, जिसके कारण परियोजना का कार्यान्वयन गति नहीं पकड़ पा रहा है। वर्तमान में, अनुमोदन प्रक्रिया में कुछ और समय लगने की संभावना है।

अंबरनाथ शहर की जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है। इसलिए, बढ़ती आबादी को जलापूर्ति के लिए, स्थानीय विधायक डॉ. बालाजी किणीकर के प्रयासों से एक नई उन्नत जलापूर्ति योजना को मंजूरी दी गई। इस योजना के माध्यम से, अंबरनाथ शहर को 98 मिलियन लीटर प्रतिदिन (MMLD) क्षमता की बढ़ी हुई जलापूर्ति प्रदान की जाएगी।

महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण ने वर्ष 2056 में शहर की अनुमानित जनसंख्या 7 लाख 34 हज़ार को ध्यान में रखते हुए यह योजना तैयार की है। इस योजना का कार्य अंबरनाथ पश्चिम के नालिंबी क्षेत्र में किया जाएगा। इस कार्य के लिए मार्च 2025 में आदेश दिए गए हैं। योजना को 30 महीने की अवधि, यानी सितंबर 2027 तक पूरा करके लागू किया जाना है।

प्रारंभिक चरण में 'जैकवेल' यानी जल संग्रहण कुएँ के निर्माण का कार्य शुरू हो गया है। हालाँकि, जल शोधन केंद्र, जो योजना का मुख्य भाग है, साथ ही पाइपलाइन बिछाने का मार्ग और तीन पानी की टंकियों के निर्माण के स्थान, सभी वन विभाग की सीमा में आते हैं। इन सभी स्थानों के लिए, जीवन प्राधिकरण पिछले एक वर्ष से वन विभाग को भूमि हस्तांतरण का प्रयास कर रहा है। हालाँकि, वन विभाग की लालफीताशाही के कारण, यह प्रक्रिया अभी तक शुरू नहीं हो पाई है, ऐसा प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया। अधिकारियों ने यह भी बताया कि वर्तमान में संबंधित फाइल ठाणे वन विभाग कार्यालय में लंबित है और फिर इसे मंत्रालय और नागपुर स्थित संभागीय कार्यालयों को भेजा जाएगा। इसलिए, चूंकि यह फाइल सरकारी तंत्र में अनुमोदन के लिए घूम रही है, इसलिए परियोजना में देरी होने की संभावना है।

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास

## संपादकीय

## महिला क्रिकेट टीम की कामयाबी

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के फलक पर हौसला और कोशिश के स्तर पर भारत की महिला क्रिकेट टीम ने हर बार बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश की और कई बार अपनी क्षमता को साबित भी किया, लेकिन रविवार को इस टीम के बूते भारतीय क्रिकेट में एक शानदार और यादगार कामयाबी दर्ज हुई। नवी मुंबई के डीवाइ पाटिल स्टेडियम में खेले गए महिला विश्व कप के फाइनल में भारतीय टीम का जैसा प्रदर्शन रहा, उसे बल्लेबाजी से लेकर गेंदबाजी के सभी स्तर पर खिलाड़ियों के बीच बेहतरीन संतुलन और तालमेल का परिणाम कहा जा सकता है।

इस मैच में टास दक्षिण अफ्रीका की टीम ने जीता, लेकिन उसके बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय खिलाड़ियों ने शुरूआती हिचक के बाद जिस रफ्तार और लय के साथ दो सौ निन्यानबे रन का लक्ष्य सामने रख दिया, उसे हासिल करना प्रतिद्वंद्वी टीम के लिए एक चुनौती बन गई। आखिरकार दक्षिण अफ्रीका की टीम छियालीसवें ओवर में दो सौ छियालीस रन बना सकी। कप्तान लारा ने एक सौ एक रन की पारी खेली और अपनी टीम को लड़ाई में बनाए रखने की कोशिश की, लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में भी जैसी रणनीति अपनाई, उसमें वे दक्षिण अफ्रीका को खिताबी मैच में हार से नहीं बचा सकीं।

भारतीय क्रिकेट की मुख्यधारा में भले ही पुरुष टीम को ज्यादा सुर्खियां मिलती रही हैं, मगर इसके समांतर महिलाओं की क्रिकेट टीम ने भी अपनी निरंतरता बनाए रखी है और समय-समय पर इसे साबित भी किया है। यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि इस बार के फाइनल में शानदार जीत दर्ज करने से पहले भारतीय महिला टीम की खिलाड़ियों ने सेमीफाइनल और प्रतियोगिता के अन्य मैचों में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया था और फाइनल में जीत की भूमिका उसी से बनी थी।

निश्चित रूप से यह भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि देश की महिला क्रिकेट की टीम ने विश्व कप पर पहली बार कब्जा जमाया है। इससे पहले 2005 और 2017 में भारतीय महिलाओं की टीम ने फाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन तब खिताब से वे दूर रह गई थीं। इस बार विश्व कप की विजेता बन कर उन्होंने साबित कर दिया कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की दुनिया में भारत की महिला खिलाड़ियों की टीम भी एक समांतर शक्ति है।

# मतदाताओं की चिंता किसी को नहीं

महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री, जयप्रकाश नारायण आदि ने भारतीय राजनीति में सरल जीवन, सादगी, संयम और उच्च विचार की भावना को बढ़ावा दिया, लेकिन बीते दो-तीन दशकों में भारतीय लोकतंत्र का मूल उद्देश्य प्रतिनिधित्व, जवाबदेही और लोकसेवा की जगह बाहरी आडंबर, चमक-दमक और महंगे प्रचार तंत्र की ओर झुका हुआ दिखता है। पहले नेता साधारण कारों से यात्रा करते थे, आज उनके काफिले में 40-50 महंगी गाड़ियां होना सामान्य है।

नेताओं के साथ दौड़ते वाहनों की कतारें, हूटर, कमांडो स्टाइल सुरक्षा और समर्थकों के बीच शक्ति-प्रदर्शन का माहौल अपने आप में नई तरह की राजनीति का संदेश देता है। राजनीति अब विचार, नीति और काम की जगह दिखावे की भाषा बोल रही है। यह दृश्य अब आम हो गया है, पर क्या यह लोकतंत्र की भावना को दर्शाता है या एक नई राजनीति की पहचान है, जहां सत्ता प्रदर्शन का माध्यम बन गई है?

इन दिनों बिहार में विधानसभा का चुनाव हो रहा है। राज्य में चुनाव प्रचार के नाम पर पैसे और प्रभाव का प्रदर्शन हो रहा है। इसे बाहुबली छवि वाले प्रत्याशी खास तौर पर कर रहे हैं। एक सर्वेक्षण के अनुसार प्रथम चरण के मतदान के लिए खड़े हुए कुल 1303 उम्मीदवारों में से 423 (32 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। इनमें 354 उम्मीदवारों (27 प्रतिशत) ने बताया है कि उनके खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इससे पहले 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में 241 विजेता सदस्यों में से 163 (68 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामलों की घोषणा की थी। यह आंकड़ा 2015 में 58 प्रतिशत था।



एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) के विश्लेषण के अनुसार लोकसभा में 543 सदस्यों में से 251 सदस्य ऐसे हैं, जिन पर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। इनमें से 170 (31 प्रतिशत) के खिलाफ तो गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। विधानसभाओं का परिदृश्य भी अलग नहीं है। 28 राज्यों एवं तीन केंद्रशासित प्रदेशों के 4092 विधायकों में से 1861 (45 प्रतिशत) ने अपने हलफनामे में खुद के खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। राजनीति का अपराधीकरण चुनाव दर चुनाव संस्थागत होता जा रहा है। वर्तमान लोकसभा में 93 प्रतिशत सदस्य करोड़पति हैं। 2009 में यह आंकड़ा 58 प्रतिशत, 2014 में 82 प्रतिशत और 2019 में 88 प्रतिशत था।

2024 में पुनः चुनाव लड़ रहे सांसदों की औसत परिसंपत्तियां पांच वर्षों में 43 प्रतिशत बढ़ीं। यह आंकड़ा बताता है कि सत्ता तक पहुंच आर्थिक पूंजी को तेजी प्रदान करती है। कारों के काफिले की लंबाई और 'शो-आफ' का बजट यहीं से आता है। यह बदलाव नई राजनीति की पहचान है, जहां नेता राजा जैसे दिखते हैं। लोकतांत्रिक राजनीति में भीड़ और जुलूस का परंपरागत स्थान रहा है, परंतु आज यह केवल समर्थन नहीं दर्शाता, बल्कि प्रभुत्व का संकेत देता है।

गाड़ियों का लंबा काफिला यह 'आश्वस्ति' देता है कि नेता 'ताकतवर' है और 'अपने लोगों' की 'रक्षा' कर सकता है। यही मनोविज्ञान चुनाव-पूर्व डर और समर्पण पैदा करता है। इंटरनेट मीडिया के ड्रोन शाट्स और रील्स ने इसे और बढ़ाया है। काफिला जितना बड़ा और सिनेमाई दिखे, नेता को उतना ज्यादा बड़ा माना जाता है। बड़े काफिले, भव्य मंच, चौबीसों घंटे ब्रांडिंग, एआइ संचालित वीडियो और डिजिटल विज्ञापनबाजी अब राजनीति का केंद्रीय आधार बन चुके हैं। यह टिकट वितरण, उम्मीदवारी, नीति-निर्माण और मतदाता को भी प्रभावित करते है। इसी खिड़की से अपराध और धनशक्ति का गठजोड़ लोकतंत्र के भीतर न्यू नार्मल बनता दिख रहा है।

सेंटर फार मीडिया स्टडीज ने 2024 के लोकसभा चुनाव का कुल अनुमानित खर्च एक लाख करोड़ रुपये से भी अधिक आंका। तब 9,000 करोड़ के आसपास की नकदी, शराब, ड्रग्स, बहुमूल्य धातुएं और 'फ्रीबीज' की जब्तियां हुई थीं। यह आंकड़ा प्रचार-युद्ध के शीर्ष-स्तर को परिभाषित करता है और यह भी इंगित करता है कि निर्वाचन की प्रक्रिया भारत में विश्व की सबसे महंगी लोकतांत्रिक कवायदों में से एक बन चुकी है। सही मायने में यह चुनावी वित्त और आपराधिक नेटवर्क के गठजोड़ की गवाही है।



जब हम एक इंसान के रूप में इस संसार में आते हैं, तो यह हमारे लिए प्रभु के प्रेम को अनुभव करने का अवसर होता है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# फिर भी हो रही बेलगाम दुर्घटनाएं

सरकार के तमाम प्रयासों और दावों के बावजूद देश भर में सड़क हादसों की रफ्तार पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। चाहे वाहन में सवार लोग हों या फिर पैदल यात्री, सड़क पर चलना किसी के लिए भी खतरे से खाली नहीं रह गया है। दुर्घटनाओं के लिए यातायात नियमों का पालन नहीं करना, लापरवाही या तेज गति से वाहन चलाना और सड़क निर्माण एवं देखरेख में खामियों को जिम्मेदार ठहराया जाता है। मगर सवाल है कि इन व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने का दायित्व किसका है?

गौरतलब है कि तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में सोमवार सुबह बजरी से लदे एक ट्रक और बस के बीच भीषण टक्कर हो गई। इससे पहले, रविवार को राजस्थान के फलोदी में दो वाहनों के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। उत्तर प्रदेश के चित्रकूट में बस और जीप आपस में टकरा गए। सोमवार को जयपुर के हरमाड़ा में एक तेज रफ्तार ट्रक ने कई वाहनों को टक्कर मारी दी। इन हादसों में पचास से अधिक लोगों की जान चली गई।



सरकार और प्रशासन की ओर से अक्सर यह दावा किया जाता है कि सड़क हादसों पर रोक लगाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं, जिनमें यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करना, दुर्घटना संभावित स्थलों को चिह्नित करना, सड़क निर्माण की गुणवत्ता और देखभाल की निगरानी करना शामिल हैं। मगर, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की हाल की एक रपट कुछ और ही सच्चाई बयां करती है।

इसके मुताबिक, वर्ष 2023 में 1.72 लाख लोगों की जान सड़क हादसों में गई है और यह आंकड़ा वर्ष 2022 के मुकाबले 2.6 फीसद अधिक है। इनमें से 68 फीसद से ज्यादा मौतें तेज गति से वाहन चलाने के कारण हुई हैं। साफ है कि सरकार की ओर से सड़क हादसों में कमी लाने के लिए जो सुधारात्मक योजनाएं और उपाय किए जाते हैं, वे प्रभावी तरीके से लागू नहीं हो पा रहे हैं। आखिर इन योजनाओं को सरकारी कागजों से बाहर निकालकर सही मायने में जमीन पर उतारने में गंभीरता क्यों नजर नहीं आती है?

जयपुर के हरमाड़ा में जो सड़क हादसा हुआ, उसका मंजर तो किसी फिल्म के डरावने दृश्य की तरह था। एक ट्रक ने पहले कार को टक्कर मारी और फिर वह तेज रफ्तार से कई वाहनों को रौंदता हुआ आगे निकल गया। इस घटना की प्रारंभिक जांच में लापरवाही से वाहन चलाने की बात सामने आई है। सवाल है कि अगर सड़कों पर इस तरह की भयानक घटनाएं होती हैं, तो वाहनों में सवार और पैदल यात्रियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी है? सड़कों पर जगह-जगह गति मापक यंत्र लगाए जाने के दावे किए जाते हैं, लेकिन क्या यह व्यवस्था ठीक से काम कर पा रही है।

अगर नियमों का उल्लंघन करने पर उचित कार्रवाई की जाती है, तो फिर तेज गति से वाहन चलाने वालों के हौसले बेलगाम क्यों हैं? जाहिर है, व्यवस्था में कहीं न कहीं लापरवाही बरती जा रही है, जिसका खमियाजा निर्दोष लोगों को भुगतना पड़ रहा है। ऐसे में जरूरी है कि वाहनों की रफ्तार से लेकर सड़कों के निर्माण की गुणवत्ता तक की निगरानी के लिए एक सशक्त तंत्र बनाया जाना चाहिए। साथ ही गुणवत्ता का मूल्यांकन करने वाले प्राधिकारियों की जवाबदेही तय करने की भी सख्त जरूरत है, तभी सड़कें आम लोगों के लिए सुरक्षित बन पाएंगी।

# 1 खिड़की, 15000 पौधे... दिल्ली का अनोखा घर

**जरा हट के**

दिल्ली में एक अनोखा घर है. यह घर है पीटर सिंह और नीनो कौर का है. जो कि सैनिक फार्म्स दिल्ली में रहते हैं. इसे लोग अजूबा घर भी कहते हैं. क्योंकि यह घर सभी मौसम में ठंडा रहता है. यहां का तापमान 45 डिग्री में भी 25 डिग्री रहता है. यही नहीं. यहां का एयर क्वालिटी इंडेक्स हमेशा 10 से 15 ही रहता है. दिल्ली का प्रदूषण इस घर में झांक तक नहीं पता है.

पीटर सिंह और नीनो कौर कपल हैं. इस कपल का घर कई मायनों में बेहद अनोखा है. आपको जानकर हैरानी होगी कि पूरे घर में हवा के लिए सिर्फ एक खिड़की है. उस पर भी जाली लगी हुई है. इन सब के बावजूद घर का एयर क्वालिटी इंडेक्स 10 से 15 रहता है और घर का तापमान हमेशा 25 डिग्री सेल्सियस रहता है. यह खिड़की करीब तीन से 4 फीट की है.



यही नहीं, आजकल लोग अपने घर को ज्यादा से ज्यादा टेक्नोलॉजी और कंक्रीट का इस्तेमाल करके बनवा रहे हैं. वहीं, दिल्ली के इस अनोखे कपल ने अपने पूरे घर में सिर्फ लाल रंग के पत्थरों से छत बनवाई और ईटों से पूरे घर को बनवाया है और तो और घर के अंदर और बाहर कोई केमिकल वाला पेंट नहीं, बल्कि सिर्फ चूने का इस्तेमाल किया गया है. इस अनोखे घर की दास्तान यहीं खत्म नहीं होती है. बल्कि एक और बात जानकर आप चौंक जाएंगे कि इस घर में 15000 पौधे लगे हुए हैं. जबकि पूरा घर सिर्फ 500 गज का है. 500 गज में 15000 पौधे हर वक्त ऑक्सीजन विकसित करते हैं. इस घर में प्रवेश करते ही आपको ताजी हवा और हल्की ठंड का एहसास होगा. आप भूल जाएंगे कि आप दिल्ली में हैं, जिसका एयर क्वालिटी इंडेक्स इन दिनों 400 के करीब चल रहा है और तापमान नवंबर में भी 30 डिग्री सेल्सियस है. जबकि इस कपल के घर में तापमान और एयर क्वालिटी इंडेक्स दोनों ही बेहद कम हैं.

पीटर सिंह ने बताया कि इस पूरी तकनीक को एक्वापोनिक्स तकनीक कहते हैं. इसी तकनीक से इन्होंने अपने घर को पूरी तरह से इको फ्रेंडली बना दिया है. आज यहां पर मछली पालन से लेकर तमाम तरह की सब्जियां और फल उग रहे हैं, जिनको बेचकर हर महीने उनकी 30,000 रुपए की कमाई हो जाती है.

**खाना-खजाना**

आलू चूरा गंगटोक की बहुत ही मशहूर डिश है, जिसे खाने के बाद उंगलियां चांटते रह जाएंगे, तो आज हम आपको घर में कैसे बना सकते हैं ये डिश, इसकी रेसिपी बताने वाले हैं।

# स्ट्रीट फूड 'आलू चूरा'

**सामग्री :**

- 3 उबले आलू,
- 2 टीस्पून तेल,
- 1 टेबलस्पून जीरा,
- 1 टीस्पून सौंफ,
- 1 प्याज कटा,
- 1/2 टीस्पून हल्दी पाउडर,
- नमक स्वादानुसार,
- 1.5 टीस्पून कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर,
- 1 टीस्पून जीरा पाउडर,
- 1.5 टीस्पून अमचूर पाउडर,
- 1 टीस्पून धनिया पाउडर,
- 2 टमाटर कटे हुए,
- 1 कप पानी,
- 2 टीस्पून धनिया पत्ती

**विधि :**



सबसे पहले एक पैन में हल्का सा तेल डालकर मूंगफली भूनकर अलग निकाल लें।

अब उसी पैन में तेल या घी डालकर मुरमुरे को क्रिस्पी होने तक भून लें और इसे मूंगफली वाले बाउल में निकाल लें। अब इसी पैन में फिर से तेल डालें।

इसमें जीरा, सौंफ, हरी मिर्च और प्याज डालकर भूनें। हल्का सुनहरा होने के बाद टमाटर डालें।

इसके बाद हल्दी पाउडर और नमक डालें।

टमाटर के सॉफ्ट होने के बाद बाकी मसाले डालें और दो से तीन मिनट और भूनें। फिर इसमें उबले आलू डालकर चम्मच से हल्का मैश कर दें और साथ ही साथ पानी भी डालें। ऊपर से कटी हरी धनिया डालें। इसके बाद एक बाउल में पहले ये सब्जी डालें। उसके ऊपर मुरमुरे और मूंगफली वाला मिक्सचर डालें। फिर बारीक कटे प्याज, थोड़ा सा चाट मसाला और हरी धनिया से गार्निश कर सर्व करें।

# चुपचाप हड्डियों की मजबूती चुरा लेता है ऑस्टियोपोरोसिस

### महिलाएं भूलकर भी अनदेखा न करें ये लक्षण

अपनी सेहत का ख्याल रखने के लिए हम बातों का ध्यान रखते हैं। आमतौर पर जब भी सेहत की बात आती है, तो लोग अक्सर हार्ट हेल्थ, मेंटल हेल्थ पर ज्यादा ध्यान देते हैं और इस वजह से कई बार बोन हेल्थ को अनदेखा कर देते हैं।

खासकर महिलाएं अक्सर अपनी सेहत को लेकर लापरवाही करती हैं, जिसकी वजह से उन्हें ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा बढ़ जाता है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (WHO) के अनुसार, ऑस्टियोपोरोसिस जैसी हड्डियों से जुड़ी समस्याएं दुनिया भर में बढ़ रही हैं, जिससे लाखों महिलाएं प्रभावित हो रही हैं।

भारत में, अध्ययनों से पता चलता है कि 50 साल से ज्यादा उम्र की लगभग तीन में से एक महिला कम बोन डेंसिटी की समस्या से पीड़ित है, और यह संख्या हर साल बढ़ रही है। ऐसे में जरूरी है कि समय रहते इसकी पहचान की जाए, ताकि ऑस्टियोपोरोसिस से बचाव किया जा सके। आइए आज इस आर्टिकल में हम आपको बताते हैं महिलाओं में नजर आने वाले कुछ ऐसे शुरुआती संकेतों के बारे में, जिनकी मदद से समय रहते ऑस्टियोपोरोसिस की पहचान कर सकते हैं।

### पीठ या गर्दन में दर्द

कमजोर हड्डियों के शुरुआती लक्षण अक्सर नजरअंदाज हो जाते हैं, लेकिन रोजमर्रा की जिंदगी में दिखाई दे सकते हैं। अगर आपकी लंबाई कम लग रही है या आपके कपड़े अलग तरह से फिट होते हैं, तो यह रीढ़ की हड्डी में छोटे होने या बिना दर्द के फ्रैक्चर होने का संकेत हो सकता है। लगातार पीठ या गर्दन में दर्द, थकान या खराब पोश्चर की वजह से ही नहीं, बल्कि रीढ़ की हड्डी के कमजोर होने का संकेत हो सकता है।



### महिलाएं को ज्यादा खतरा क्यों है?

35 साल की उम्र के बाद महिलाओं में पुरुषों की तुलना में हड्डियों की डेंसिटी तेजी से कम होती है और मेनोपॉज के बाद, एस्ट्रोजन लेवल में कम होने की वजह से हड्डियां तेजी कमजोर होती है। साथ ही शरीर में विटामिन डी की कमी, धूप में कम निकलना, वेजिटेरियन डाइट और बोन हेल्थ को अनदेखा करना भी महिलाओं में ऑस्टियोपोरोसिस के खतरे को

### नाखूनों का कमजोर होना

अगर आपके नाखून अचानक कमजोर हो गए है या मसूड़े सिकुड़ गए हैं, जिससे दांतों की जड़े दिखने लगती है, तो इसे अनदेखा न करें। यह कैल्शियम या कोलेजन की कमी का संकेत हो सकता है, जो हड्डियों को प्रभावित कर सकता है। इसलिए इन संकेतों को अनदेखा न करें।

### इन लक्षणों को भी न करें

- कमजोर पकड़
- बार-बार दर्द
- बॉडी पोश्चर झुकाव
- सांस लेने में तकलीफ

### ऐसे रखें हड्डियों का ख्याल

- अपनी डाइट भरपूर मात्रा में कैल्शियम शामिल करें
- पर्याप्त मात्रा में विटामिन डी लें
- फिजिकली एक्टिव रहें
- तंबाकू और शराब से दूरी बनाएं।

## आज का राशिफल

**मेष** : शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड इत्यादि से लाभ होगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। जल्दबाजी न करें। लेनदारी वसूल करने के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। समय पर कर्ज चुका पाएंगे। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी।

**वृषभ** : नई आर्थिक नीति बन सकती है। कार्यस्थल पर सुधार व परिवर्तन से भविष्य में लाभ होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग कार्य में गति प्रदान करेगा। शत्रु सक्रिय रहेंगे। पुराना रोग उभर सकता है। शारीरिक कष्ट संभव है। पारिवारिक समस्या से चिंता बढ़ सकती है।

**मिथुन** : लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में उन्नति होगी। निवेशादि करने का मन बनेगा। विवेक से कार्य करें, लाभ होगा। शत्रु सक्रिय रहेंगे। परिवार की चिंता बनी रहेगी। धार्मिक कार्य में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे।

**कर्क** : धनागम होगा। प्रतिद्वंद्वी अपना रास्ता छोड़ देंगे। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। किसी भी प्रकार के झगड़ों में न पड़ें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। वाणी पर नियंत्रण रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**सिंह** : रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। सभी ओर से खुश खबरें प्राप्त होंगी। पारिवारिक चिंता रहेगी। अज्ञात भय सताएगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। संपत्ति की खरीद-फरोख्त में सफलता मिलेगी। स्थायी संपत्ति की दलाली बड़ा लाभ दे सकती है।

**कन्या** : ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा। आय के साधनों में वृद्धि होगी। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। भूमि व भवन संबंधी कार्य लाभदायक रहेंगे। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड में निवेश लाभदायक रहेगा।

**तुला** : लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में संतोष रहेगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। शारीरिक कष्ट संभव है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**वृश्चिक** : किसी अपरिचित व्यक्ति पर अतिविश्वास न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है। विवाद से क्लेश संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**धनु** : व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। पराक्रम बढ़ेगा। भाग्य का साथ मिलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। शेयर मार्केट मनोनुकूल लाभ देंगे। कानूनी अड़चन सामने आएगी। अज्ञात भय सताएगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**मकर** : घर में अतिथियों का आगमन होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। नौकरी में अधिकार मिल सकते हैं। शेयर मार्केट से लाभ होगा। बाहर जाने का मन बनेगा। बड़ा काम करने की योजना बनेगी। लाभ होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है।

**कुंभ** : अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। सुख के साधनों पर व्यय होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। निवेश शुभ रहेगा। चोट व रोग से बचें। यश बढ़ेगा। बेचैनी रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**मीन** : व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। हल्की हंसी-मजाक न करें। किसी अपरिचित व्यक्ति पर भरोसा न करें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए जरूर खाएं ये सब्जियां



### बच्चों को भी जरूर खिलाएं

आंखों की रोशनी को बेहतर बनाए रखने के लिए सही खानपान बेहद जरूरी है. आजकल बच्चों से लेकर बड़ों तक, स्क्रीन टाइम और पोषण की कमी के कारण आंखों की कमजोरी आम हो गई है. लेकिन कुछ सब्जियां ऐसी हैं जो आंखों की सेहत को मजबूत करती हैं और रोशनी बढ़ाने में मदद करती हैं. आइए जानें कौन सी सब्जियां डाइट में जरूर शामिल करनी चाहिए.

### आंखों की रोशनी बढ़ाने वाली सब्जियां

**1. गाजर**

गाजर में बीटा-कैरोटीन और विटामिन A भरपूर मात्रा में होता है. ये पोषक तत्व रेटिना को मजबूत करते हैं और रतौंधी जैसी समस्याओं से बचाते हैं. गाजर को सलाद, सूप या जूस के रूप में रोजाना लें.

**2. पालक**

पालक में ल्यूटिन और ज़ेक्सैंथिन जैसे एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो आंखों को हानिकारक यूवी किरणों और नीली रोशनी से बचाते हैं. पालक का सूप, पराठा या सब्जी बच्चों और बड़ों दोनों के लिए फायदेमंद है.

**3. शकरकंद**

शकरकंद विटामिन A और बीटा-कैरोटीन का बेहतरीन स्रोत है. यह कॉर्निया को स्वस्थ रखता है और रात में देखने की क्षमता को बेहतर बनाता है. सर्दियों में इसे उबालकर या सब्जी के रूप में जरूर खाएं.

**4. शिमला मिर्च**

शिमला मिर्च में विटामिन C और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो आंखों में ब्लड वेसेल्स को मजबूत करते हैं और मोतियाबिंद के खतरे को कम करते हैं. इसे सलाद या सब्जी में शामिल करें.

**5. बथुआ का साग**

बथुआ में पॉलीफेनोल्स और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो कॉर्निया की सेहत के लिए फायदेमंद हैं. सर्दियों में बथुआ का साग या पराठा जरूर खाएं.

**6. ब्रोकली**

ब्रोकली विटामिन C और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर है. यह रेटिना को ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से बचाती है और आंखों की उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा करती है.

**7. हरी मटर**

सर्दियों में मिलने वाली हरी मटर में जिंक, विटामिन C और विटामिन E होते हैं, जो आंखों की मांसपेशियों को मजबूत करते हैं और दृष्टि को बेहतर बनाते हैं.

### बच्चों के लिए खास टिप्स

- बच्चों को इन सब्जियों को सूप, पराठा या सलाद के रूप में दें.
- गाजर और शकरकंद को स्नैक के रूप में भी पेश कर सकते हैं.
- पालक और बथुआ को दाल या पराठे में मिलाकर खिलाएं.

# डोर हैंडल पर क्यों लपेट रहे एल्युमीनियम फॉइल?

**सोशल मीडिया पर गजब-गजब होम सेफ्टी हैक्स, किचन हैक्स, कुकिंग हैक्स वायरल होते रहते हैं. इन दिनों एक ऐसा ही होम सेफ्ट हैक लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहा है. इस हैक में लोग अपने घर के दरवाजे में एल्युमीनियम फ़ॉइल लपेट कर रख रहे हैं. ये हैक है तो बहुत सिंपल, लेकिन ऐसा करके लाभ क्या होगा? आखिर कहां पर ये हैक लोग ट्राई कर रहे हैं? तो इसका जवाब है अमेरिका. जी हां, वहां पर इन दिनों लोग दरवाजे के हैंडल पर चारों तरफ एल्युमीनियम फॉइल लपेट रहे हैं. चलिए जानते हैं क्या है इसके पीछे की वजह....**

### क्या है दरवाजे पर एल्युमीनियम फॉयल लपेटने की वजह?

–जर्नल्स ऑफ इंडिया में छपी एक खबर के अनुसार, इसे पढ़कर आपको ये अजीबो-गरीब नुस्खा लग रहा होगा, लेकिन अमेरिका में कुछ लोग ऐसा कर रहे हैं. दरअसल, यह चोरों को पकड़ने का एक सस्ता और होशियार तरीका है. घर में चोरों को घुसने से रोकने के लिए यह तरीका आश्चर्यजनक रूप से लोकप्रिय हो रहा है.

-आमतौर पर आप एल्युमीनियम फॉयल को खाना लपेटने के लिए करते हैं. स्कूल और ऑफिस लंच बॉक्स में सैंडविच, रोटी, पराठे, रोल आदि लपेटने के लिए खूब किया जाता है. अब इस एल्युमीनियम फॉयल का इस्तेमाल चोरों को घर से दूर रखने के लिए किया जा रहा है.

-जब इसे दरवाजे के हैंडल के चारों ओर मजबूती से लपेटा जाता है, तो यह एक दृश्य (visual) और स्पर्शनीय अवरोध (tactile barrier) बनाता है, जो घर में घुसने वाले चोरों, बदमाशों, लुटेरों को यह संकेत दे सकता है कि यह घर सामान्य से कहीं ज्यादा सुरक्षित है. इसकी चमकदार, असामान्य बनावट नजर को खींचती है और चोरों की उम्मीदों पर पानी फेर सकती है, जिससे उनके मन में शक पैदा हो सकता है. इस तरह वे यहां से बचकर निकलने में ही अपनी भलाई समझेंगे और किसी दूसरे घर को अपना लक्ष्य बनाएंगे. दरवाजे पर लगे एल्युमीनियम फॉयल को देखकर कोई भी सोचेगा कि आखिर ये क्यों लगा है.ऐसे में चोरों के दिमाग में भी ये बात खटक सकती है कि कहीं कुछ गड़बड़ तो नहीं. कहीं इसे छूते वो जाल में तो नहीं फंस जाएंगे.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### लखनऊ से कैब बुक कराकर ड्राइवर को लूटकर बहराइच में फेंका, 4 गिरफ्तार

यूपी की राजधानी लखनऊ में चिनहट कमता स्थित अवध बस स्टैंड से कैब बुक कराकर जालक को बंधक बनाकर पीटने और कार लूटकर उसे फेंकने के मामले में पुलिस बहराइच पुलिस की स्वाट टीम ने चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों ने चार दिन पूर्व कैब बुक की थी। पुलिस टीम ने बदमाशों के पास से लूटी गई कार भी बरामद कर ली है। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज से बदमाशों का सुराग लगा। गिरोह के सरगना रंजीत के खिलाफ 28 मुकदमे कई जनपदों में दर्ज हैं।

### कारोबारी की आंखों में मिर्च पाउडर झोंकी, सेकेंडों में 5 लाख के गहने लूट ले गए बदमाश

उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में सड़क पर जा रहे एक कारोबारी की आंखों में अचानक मिर्च पाउडर झोंककर पांच लाख रुपए के गहने लूट लिए। 10 हजार कैश भी ले गए। इस वारदात को तब अंजाम दिया गया जब कारोबारी मंगलवार को सुबह करीब 11 बजे बाइक से खैरटवा चौराहा दुकान खोलने जा रहे थे। कुशीनगर के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के गौनरिया गांव के रहने वाले संदीप वर्मा पुत्र हृदयनारायण वर्मा ने गांव से छह किलोमीटर दूर स्थित खैरटवा चौराहे पर आभूषण की दुकान खोल रखी है। रोज रात में दुकान बंद कर वह आभूषण आदि लेकर घर आ जाता था। रोज की तरह मंगलवार की सुबह बाइक की डिक्की में सोने-चांदी के आभूषण और 10 हजार रुपये नकद रखकर दुकान खोलने के लिए वह खैरटवा जा रहे थे। 11 बजे के करीब वह हाटा-कप्तानगंज मार्ग से खैरटवा जाने वाली सड़क पर थे कि पीछे से आए बाइक सवार तीन बदमाशों ने उन्हें पैर से धक्का मारकर गिरा दिया। इसके बाद उसके चेहरे पर मिर्च पाउडर झोंक दिया।

### पहले फ्रेंड फिर आठ युवकों ने ब्लैकमेल कर किया रेप, सिद्धार्थनगर में नाबालिग से दरिंदगी

**सिद्धार्थनगर.** यूपी के सिद्धार्थनगर से सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक नाबालिग से फ्रेंडशिप करके युवक ने नशीला पदार्थ खिलाकर संबंध बनाया। अश्लील वीडियो भी बना लिया। वीडियो को अपने आठ से ज्यादा दोस्तों में बांट दिया। सभी दोस्तों ने भी नाबालिग को ब्लैकमेल कर बारी-बारी से रेप किया। सात महीने तक जिसे जब मन चाहा नाबालिग को बुलाकर रेप करते रहे। ब्लैकमेलिंग से बुरी तरह परेशान होने के बाद नाबालिग ने अपने बड़ी बहन को मामले की जानकारी दी। इसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा है। घटना कपिलवस्तु कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की है। पुलिस की विवेचना में नौ युवकों का नाम सामने आया। आठ युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। नाबालिग की बड़ी बहन की तरफ से पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार उसकी छोटी बहन को एक युवक ने बहला फुसला कर नशीला पदार्थ खिला दिया। नाबालिक के बेहोश होने पर उससे संबंध बनाया और इसका वीडियो भी बना लिया। अश्लील वीडियो क्लिप को उसने अपने आठ से ज्यादा दोस्तों में बांट दिया। युवक के दोस्तों ने भी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर नाबालिग से दुष्कर्म किया।

# भारत में पॉलिटिक्स फैमिली बिजनेस

- कुछ लोगों को लगता है राजनीति नेहरू-गांधी परिवार का जन्मसिद्ध अधिकार
- वंशवाद छोड़ना चाहिए



**नई दिल्ली.** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भारत की वंशवादी राजनीति की आलोचना की है। थरूर ने एक अंतरराष्ट्रीय प्रकाशन प्रोजेक्ट सिंडिकेट में लिखे अपने लेख में कहा- भारत में राजनीति फैमिली बिजनेस बन गई है। जब तक राजनीति परिवारों के इर्द-गिर्द घूमती रहेगी, तब तक लोकतांत्रिक सरकार का असली मतलब पूरा नहीं हो सकेगा।

थरूर ने 'Indian Politics Are a Family Business' लेख में लिखा- यह समय है, जब भारत को वंशवाद (परिवारवाद) छोड़कर योग्यता आधारित व्यवस्था अपनानी चाहिए। इसके लिए कानूनी रूप से तय कार्यकाल, आंतरिक पार्टी चुनाव और मतदाताओं को जागरूक करने जैसे मूलभूत सुधार जरूरी हैं।

थरूर ने अपने लेख में नेहरू-गांधी परिवार को भारत का सबसे प्रभावशाली राजनीतिक परिवार बताया। उन्होंने लिखा कि इस परिवार की विरासत आजादी के आंदोलन से जुड़ी है, लेकिन इसी कारण लोगों में यह सोच भी बढ़ी है कि राजनीति कुछ परिवारों का जन्मसिद्ध अधिकार है।

### देशभर के कई राजनीतिक परिवारों का उदाहरण दिया

थरूर ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में अब्दुल्ला और मुफ्ती परिवारों ने भी पीढ़ियों तक सत्ता संभाली है। इसके साथ उन्होंने देशभर की कई राजनीतिक परिवारों का उदाहरण दिया।

थरूर ने लेख में ओडिशा में नवीन पटनायक, महाराष्ट्र में उद्धव और आदित्य ठाकरे, उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह और अखिलेश यादव, बिहार में रामविलास और चिराग पासवान, पंजाब में प्रकाश सिंह और सुखबीर बादल, तेलंगाना में केसीआर के बेटे और बेटी के बीच उत्तराधिकार की लड़ाई के साथ ही तमिलनाडु में करुणानिधि और उनके बेटे एमके स्टालिन के परिवार का जिक्र किया।

### चलती रोडवेज बस बनी आग का गोला

**अंबेडकरनगर.** यूपी के अंबेडकरनगर में हादसा हो गया। आजमगढ़ से अकबरपुर आ रही अकबरपुर डिपो की बस मंगलवार को लगभग तीन बजे आग का गोला बन गई लेकिन चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। बस में आग लगते ही सभी यात्री सुरक्षित बाहर निकल गए थे। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने बस में लगी आग को बुझाया लेकिन तब तक बस जलकर पूरी तरह से राख हो गई थी। अकबरपुर डिपो की बस यूपी 45टी 5697 आजमगढ़ से अकबरपुर आ रही थी। इसी दौरान लगभग 3:00 बजे चालक को बस में धुआं नजर आया। उस समय बस कुर्की बाजार से पहले खपुरा के पास पहुंची थी।

# 26 लोगों को कुचलने वाला ड्राइवर गिरफ्तार

- गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज
- 14 लोगों की हो गई मौत
- 12 घायल, 7 की हालत गंभीर



**जयपुर.** जयपुर में 26 लोगों को कुचलने वाले डंपर ड्राइवर कल्याण मीणा के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। 3 नवंबर को हरमाड़ा में हुए इस हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई थी। 12 घायल हैं। इनमें से 7 की स्थिति गंभीर है। इन्हें सवाई मान सिंह (SMS) हॉस्पिटल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। बेकाबू डंपर ने महज 400 मीटर में 17 गाड़ियों को रौंद डाला था। देखते ही देखते सड़क पर लाशें बिछ गईं। शवों के टुकड़े इधर-उधर बिखर गए। किसी का पैर कट गया तो किसी का हाथ। 2 शवों की पहचान नहीं हो पाई है।

सोमवार देर रात डीसीपी ट्रैफिक सुमित मेहरड़ा ने सीआई (ट्रैफिक पुलिस) राजकिरण, एएसआई राजपाल सिंह और कॉन्स्टेबल महेश कुमार को सस्पेंड कर दिया। नो एंट्री में डंपर आने की वजह से यह कार्रवाई की गई है।

उधर, पीड़ित परिवार वालों ने आरोप लगाया कि एंबुलेंस मनमाना किराया वसूल रहे हैं। शव के निवाई ले जाने के लिए 2200 रुपए देने पड़े हैं। मृतक सुरेश और मुरली मीणा के परिवार वालों ने कहा कि सरकार की तरफ से कोई सुविधा फ्री नहीं है।

कलेक्टर ने कहा कि किसी भी एंबुलेंस ने अगर रुपए लिए हैं तो यह राशि परिजनों को रिफंड होगी। साथ ही जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई होगी।

### ड्राइवर को पकड़कर पुलिस को सौंपा

हादसा सोमवार दोपहर करीब एक बजे हरमाड़ा के लोहा मंडी पर हुआ। डंपर (आरजे-14 जीपी 8724) लोहा मंडी पेट्रोल पंप की तरफ से रोड नंबर -14 से हाईवे की ओर जा रहा था। इस दौरान उसने गाड़ियों को टक्कर मार दी। लोगों ने डंपर ड्राइवर कल्याण मीणा को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। वह नशे में था। कल्याण विराटनगर (जयपुर) का रहने वाला है। वह भी हॉस्पिटल में भर्ती है।

### कार सवार से कहासुनी हुई थी

पुलिस का कहना है कि हादसे से करीब डेढ़ किलोमीटर पहले एक पेट्रोल पंप के बाहर डंपर ड्राइवर की एक कार सवार से कहासुनी हुई थी। 14 लोगों की जान लेने वाले डंपर के पीछे लिखा था- दम है तो पास कर, वरना बर्दाश्त कर।

# पश्चिम बंगाल में SIR के खिलाफ ममता का मार्च

- कोलकाता में पार्टी वर्कर्स के साथ सड़क पर उतरीं
- 12 राज्यों में वोटर लिस्ट अपडेशन प्रोसेस शुरू

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट के अपडेशन के लिए स्पेशल इंटेंसिव रिविजनल (SIR) के खिलाफ राज्य की CM ममता बनर्जी ने मंगलवार को विरोध मार्च निकाला। उनके साथ पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी और बड़ी संख्या में पार्टी वर्कर्स भी थे। इधर देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मंगलवार से वोटर लिस्ट का SIR शुरू हो गया।

इनमें से तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल में 2026 में चुनाव हैं। असम में भी अगले साल चुनाव हैं। लेकिन, अभी वहां SIR का शेड्यूल तय नहीं है।

12 राज्यों में SIR के दौरान आयोग का फोकस नागरिकता की जांच पर है। सूत्रों के अनुसार असम में मतदाता सूची की गहन समीक्षा तो होगी, लेकिन नागरिकता की जांच नहीं होगी। राज्य में नागरिकता के उलझे हुए मुद्दे के बीच आयोग ये नया मॉडल तैयार कर रहा है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने SIR की घोषणा करते वक्त कहा था कि असम में नागरिकता को लेकर अलग प्रावधान हैं। नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजन्स (NRC) की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है। ऐसे में, असम के लिए अलग आदेश जारी होगा।

# एयर टिकट बुकिंग के 48 घंटे तक फ्री कैंसिलेशन मिलेगा

- DGCA जल्द ला सकता है हवाई यात्रा के नए नियम
- 30 नवंबर तक सुझाव मांगे

**नई दिल्ली.** अब एयर पैसेंजर्स को टिकट बुक करने के 48 घंटे के अंदर बिना किसी एक्स्ट्रा चार्ज के कैंसिल या चेंज करने का मौका मिल सकता है। डायरेक्ट्रेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (DGCA) ने इन नियमों को लाने के लिए एक ड्राफ्ट जारी किया है।

DGCA ने लोगों से इसके लिए 30 नवंबर तक सुझाव मांगे हैं। अगर सब ठीक रहा तो जल्द ही नियम बनेगा, लेकिन ये कब से लागू होंगे, ये अभी तय नहीं हुआ है।




### 3 पॉइंट में समझें नया नियम...

बुकिंग के बाद 48 घंटे का 'लुक-इन' पीरियड मिलेगा। यानी सोचो-समझो, पसंद न आए तो टिकट कैंसिल कर दों। नाम में कोई एरर हो तो 24 घंटे के अंदर फ्री में सुधार करा सकते हैं। मेडिकल इमरजेंसी में भी एयरलाइन रिफंड दे सकती है।

पैसेंजर ने टिकट एयरलाइंस की वेबसाइट से डायरेक्ट बुक की हो या ट्रैवल एजेंट या किसी पोर्टल से, रिफंड की जिम्मेदारी एयरलाइन की होगी। ऐसा इसलिए क्योंकि एजेंट उनका ही एक्सटेंशन है। रिफंड 21 वर्किंग दिनों में देना होगा।

अगर टिकिट में अमेंडमेंट कर रहे हैं, तो सिर्फ नए फ्लाइट का फेयर डिफरेंस लगेगा। लेकिन ये सुविधा तभी मिलेगी, जब फ्लाइट की डिपार्चर डेट बुकिंग से कम से कम 5 दिन (डोमेस्टिक) या 15 दिन (इंटरनेशनल) दूर हो।

### अभी एयरलाइन अपने हिसाब से फीस लगाती है

फिलहाल भारत में एयर टिकट कैंसिलेशन के लिए कोई स्टैंडर्ड 48 घंटे का ग्रेस पीरियड नहीं है। ज्यादातर एयरलाइंस अपनी पॉलिसी के मुताबिक फीस लगाती हैं। रिफंड प्रोसेस भी धीमा है, और पैसेंजर्स को परेशानी होती है। खासकर ट्रैवल एजेंट्स या पोर्टल्स से बुकिंग में रिफंड में देरी आम बात है। DGCA का ये प्रपोजल इन प्रॉब्लम्स को सॉल्व करने के लिए है, ताकि पैसेंजर्स को क्लियर गाइडलाइंस मिलें।

# छत्तीसगढ़ में ट्रेन हादसा



- मालगाड़ी से टकराई पैसेंजर ट्रेन
- कई लोगों की मौत की आशंका

**बिलासपुर.** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में मंगलवार की शाम को बड़ा रेल हादसा हुआ है। बिलासपुर में पैसेंजर ट्रेन और एक मालगाड़ी में सीधी और भीषण टक्कर हो गई। यह दुर्घटना आज शाम लगभग 4 बजे के आसपास उस समय हुई, जब पैसेंजर ट्रेन विपरीत दिशा से आ रही एक मालगाड़ी से टकरा गई।

टक्कर इतनी भयंकर थी कि यात्री ट्रेन के कई डिब्बे बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए और कुछ डिब्बे मालगाड़ी के ऊपर चढ़ गए। बताया जा रहा है कि मालगाड़ी के भी कई वैगन पटरी से उतर गए हैं। हादसे की सूचना मिलते ही बचाव कर्मी भी तुरंत मौके पर पहुंच गए हैं और राहत बचाव कार्य शुरू कर दिया है।

रेलवे अधिकारियों की से दी गई शुरुआती जानकारी के मुताबिक इस घटना में दो लोग घायल हुए हैं। रेलवे ने सभी संसाधन उपलब्ध करा दिए हैं और घायलों के इलाज के लिए सभी उपाय सुनिश्चित किए जा रहे हैं।

### कैसे हुआ हादसा?

यह दुर्घटना बिलासपुर-कटनी सेक्शन पर उस समय हुई जब कोरबा पैसेंजर ट्रेन लाल खदान इलाके के पास एक खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कुछ डिब्बे एक-दूसरे के ऊपर चढ़ गए और कई डिब्बे पटरी से उतर गए और ओवरहेड तार और सिग्नलिंग सिस्टम बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे इस रूट पर रेल परिचालन बाधित हो गया। रेलवे बचाव दल, आरपीएफ कर्मी और स्थानीय पुलिस रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए मौके पर पर पहुंच गए। इमरजेंसी मेडिकल टीमें भी घायलों का इलाज कर रही हैं

### एम्स गोरखपुर में इलाज के लिए तरसा इंजीनियर बेटा

**गोरखपुर.** गोरखपुर एम्स की इमरजेंसी में डेंगू पीड़ित इंजीनियर को इलाज न मिलने की शिकायत पिता ने मेल के जरिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री, एम्स की कार्यकारी निदेशक सेवानिवृत्त मेजर जनर डॉ. विभा दत्ता और एम्स चेयरमैन से की है। पीड़ित ने शिकायत में इलाज न मिलने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित गोरखपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में बेटे को भर्ती कराया है।

शिकायतकर्ता ने बताया कि वह बिहार के गोपालगंज का रहने वाला है। 27 साल बेटे को कई दिनों से बुखार था। वह पुणे में इंजीनियर है। पुणे में इलाज से कोई राहत नहीं मिली तो 2 नवंबर की सुबह घर आया। गोपालगंज के एक अस्पताल में दिखाया तो खून की जांच की गई। डेंगू की पुष्टि के साथ ही प्लेटलेट्स की संख्या 18 हजार बताई गई। इस पर डॉक्टरों ने रेफर कर दिया। आरोप है कि रविवार शाम सात बजे पिता अपने इंजीनियर बेटे को लेकर एम्स की इमरजेंसी में पहुंचे। पहुंचने पर गार्ड ने जानकारी लेते ही इलाज न होने की बात कही।

### हिंदुजा समूह के चेयरमैन का निधन, कारोबार जगत में शोक

**लंदन.** जाने-माने उद्योगपति और हिंदुजा समूह के चेयरमैन गोपीचंद पी हिंदुजा का लंदन में निधन हो गया है। उनके परिवार के करीबी सूत्रों ने यह जानकारी दी। वह 85 वर्ष के थे। करीबी सूत्रों ने बताया कि उद्योग जगत में 'जीपी' के नाम से मशहूर गोपीचंद पी हिंदुजा पिछले कुछ सप्ताह से अस्वस्थ थे और लंदन के एक अस्पताल में उनका निधन हो गया।

# अब कनाडा देगा बड़ा झटका?

कनाडा जाने की चाह रखने वाले भारतीयों को तगड़ा झटका लग सकता है। कनाडाई सरकार संसद में लंबित विधेयक के जरिए अस्थायी वीजा को बड़े पैमाने पर रद्द करने की शक्ति चाहती है, जिसका इस्तेमाल भारत से आने वाले फर्जी आवेदनों को रोकने के लिए किया जा सकता है। सीबीसी न्यूज की रिपोर्ट में आईआरसीसी, सीबीएसए और अमेरिकी विभागों के हवाले यह बताया गया है। इस प्रावधान को भारत से अस्थायी वीजा आवेदकों की धोखाधड़ी को रोकने वाला कदम बताया गया है।

विधेयक में कहा गया कि महामारी या युद्ध के समय ढेर सारे वीजा एक साथ रद्द किए जा सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, कनाडाई अधिकारी इनमें से कुछ खास देशों के वीजा धारकों को निशाना बनाना चाहते हैं। अस्थायी निवासियों में काम करने वाले, विदेशी छात्र और घूमने आने वाले लोग शामिल होते हैं। यह नियम कनाडा की सीमाओं को मजबूत करने वाले कानून का हिस्सा बताया जा रहा है।

### नए लोगों का आना कम करने का दबाव

इमिग्रेशन वकील सुमित सेन ने हिंदुस्तान टाइम्स को बताया था कि अगर लिबरल सरकार का स्ट्रॉन्ग बॉर्डर्स बिल पास हो गया, तो हजारों आवेदन एक झटके में रद्द हो सकते हैं, क्योंकि इससे मंत्री को बहुत बड़ी ताकत मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि 2007 में फाइलें इसलिए बंद की गईं ताकि पुरानी लंबित अर्जियों का बोझ हटाया जा सके। ये बात उन्होंने तब कही जब अर्जियों को मंजूरी देने में बहुत देरी हो रही है – जैसे स्टार्टअप वीजा के तहत उद्यमियों को 35 साल (420 महीने) तक इंतजार करना पड़ जाता है। अभी कनाडा सरकार नए लोगों का आना कम करना चाहती है, चाहे वो स्थायी रहने वाले हों या अस्थायी।

# ICC वनडे रैंकिंग में भूचाल

- स्मृति मंधाना से लौरा वोल्वार्ड्ट ने छीनी बादशाहत;
- जेमिमा की टॉप-10 में एंट्री




इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने मंगलवार को महिला वनडे खिलाड़ियों की ताजा रैंकिंग जारी की है। आईसीसी महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 समाप्त होने के बाद रैंकिंग में भूचाल आ गया है। भारत की स्टार ओपनर स्मृति मंधाना से बादशाहत छिन गई है। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट अब नंबर-1 बल्लेबाज बन गई हैं। वोल्वार्ड्ट के खाते में फिलहाल 814 रेटिंग अंक हैं। यह उनके करियर की सर्वोच्च रेटिंग है। मंधाना 811 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर खिसक गई हैं। वोल्वार्ड्ट ने इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल (169) और भारत के विरुद्ध फाइनल में शतक ठोका था। भारतीय महिला टीम ने खिताबी मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर पहली आईसीसी ट्रॉफी जीती।

वोल्वार्ड्ट ने वर्ल्ड कप में 9 मैचों में रिकॉर्ड 571 रन। यह टूर्नामेंट के एक संस्करण में सर्वाधिक रन हैं। वहीं, मंधाना टूर्नामेंट में दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाजी रहीं। उन्होंने नौ मैचों में 434 रन जोड़े, जिसमें एक शतक और तीन अर्धशतक हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के सामने सेमीफाइनल में 24 जबकि फाइनल में 45 रनों की पारी खेली। भारत की युवा बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स ने टॉप-10 में एंट्री मारी है। वह 658 अंकों के साथ दसवें पायदान पर हैं। जेमिमा ने सेमीफाइनल (नाबाजद 127) में बेहतरीन शतक लगाकर भारत को ऐतिहासिक जीत दिलाई थी। उनके बल्ले से खिताबी मुकाबले में 24 रन निकले। ऑस्ट्रेलिया की एलिस पेरी संयुक्त रूप से सातवें (669) स्थान पर पहुंच गईं।

न्यूजीलैंड की दिग्गज सोफी डिवाइन के भी 669 अंक हैं। उन्होंने वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ हार के बाद वनडे फॉर्मेट से संन्यास की घोषणा कर दी। ऑस्ट्रेलिया की फोबे लिचफील्ड ने 13 स्थान की छलांग लगाकर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 13वीं रैंकिंग (637) हासिल की है। भारतीय कप्तान हमनप्रीत कौर (634) संयुक्त रूप से 14वें नंबर पर हैं। इंग्लैंड की एमी जोन्स के भी 634 अंक हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में भी बदलाव देखने को मिला है। दक्षिण अफ्रीका की मारिजान कप्प अब सोफी एक्लेस्टोन (747) को शीर्ष स्थान से हटाने के सबसे करीब पहुंच गई हैं। उन्होंने वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 20 रन देकर पांच विकेट चटकाए थे। कप्प दो स्थान ऊपर चढ़कर 712 की रेटिंग पर पहुंच गई हैं।

# बेगुनाह भारतीय 43 साल अमेरिकी जेल में रहा

- बरी होते ही देश छोड़ने का फरमान था
- अब अदालतों ने रोक लगाई

अमेरिका में 43 साल तक गलत आरोप में जेल में रहे भारतीय मूल के सुब्रमण्यम वेदम को फिलहाल राहत मिली है। दो अलग-अलग अदालतों ने फिलहाल उनके डिपोर्टेशन यानी भारत भेजने पर रोक लगा दी है।

सबसे पहले एक इमिग्रेशन जज ने सोमवार को उनकी डिपोर्टेशन पर स्टे (स्थगन) दिया है, जब तक कि बोर्ड ऑफ इमिग्रेशन अपील (BIA) यह तय न कर ले कि क्या उनका मामला दोबारा सुना जाए या नहीं। दूसरी तरफ यू॰एस॰ डिस्ट्रिक्ट कोर्ट पेनसिल्वेनिया में ने भी उसी दिन उनके डिपोर्टेशन प्रक्रिया को हटाने का आदेश दिया।

### रिहाई के बाद फिर हिरासत में लिए गए थे

NBC न्यूज के मुताबिक अब मामला इमिग्रेशन अपील बोर्ड में जाएगा, जिसका फैसला आने में कुछ महीने लग सकते हैं। 64 साल के वेदम को इसी साल 3 अक्टूबर को रिहा किया गया था। वे अमेरिकी राज्य पेंसिलवेनिया के स्थायी निवासी हैं। 1980 में उनपर अपने क्लासमेट की हत्या का आरोप लगा था।



हालांकि, वेदम ने हमेशा अपनी बेगुनाही का दावा किया, फिर भी उन्हें 1983 और 1988 में दो बार दोषी ठहराया गया और बिना पैरोल के आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। रिहाई के बाद जेल से निकलते ही इमिग्रेशन डिपार्टमेंट ने उन्हें फिर हिरासत में ले लिया था। वेदम अभी लुइजियाना के एक डिपोर्टेशन सेंटर में बंद हैं।

सुब्रमण्यम वेदम और थॉमस किंसर दोनों 1980 में पेनसिल्वेनिया स्टेट यूनिवर्सिटी के छात्र थे। दोनों की उम्र लगभग 19 साल थी और वे एक-दूसरे को जानते थे।

रिपोर्ट के मुताबिक वेदम ने थॉमस किंसर से कहा कि उसे ड्रग्स खरीदने के लिए कही जाना है। उन्होंने किंसर से लिफ्ट मांगी। इसके बाद दोनों साथ निकले। किंसर को आखिरी बार जिंदा उसी समय देखा गया था

# सहमति से बने संबंधों में POCSO का हो रहा दुरुपयोग -सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने पॉक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) अधिनियम के दुरुपयोग पर चिंता जताई है। अदालत ने मंगलवार को कहा कि वैवाहिक विवादों और किशोरों के बीच सहमति से बने संबंधों के मामलों में POCSO का दुरुपयोग किया जा रहा है। न्यायालय ने लड़कों और पुरुषों में इन कानूनों के संबंध में जागरुकता फैलाने की जरूरत पर जोर दिया। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें बलात्कार के खिलाफ दंडात्मक प्रावधानों और पॉक्सो अधिनियम के बारे में लोगों को संवेदनशील बनाने के निर्देश देने की मांग की गई थी।

पीठ ने मौखिक रूप से कहा, 'हम एक बात कहना चाहेंगे। वैवाहिक विवादों के और किशोरों के बीच सहमति से बने संबंधों से जुड़े मामलों में पॉक्सो अधिनियम का दुरुपयोग किया जा रहा है। हमें लड़कों और पुरुषों में कानूनी प्रावधानों के बारे में जागरुकता फैलानी चाहिए।' न्यायालय ने जनहित याचिका पर सुनवाई 2 दिसंबर तक स्थगित कर दी और कहा कि कुछ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने इस मामले में जवाब दाखिल नहीं किया है। शीर्ष अदालत ने इससे पहले वरिष्ठ अधिवक्ता आबाद हर्षद पोंडा की ओर से दायर याचिका पर केंद्र, केंद्रीय शिक्षा और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालयों तथा केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड को नोटिस जारी किए थे। पोंडा ने कहा कि लोगों को बलात्कार से संबंधित कानूनों और निर्भया मामले के बाद ऐसे कानूनों में हुए बदलाव के बारे में जानकारी देने की जरूरत है।

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार पाकिस्तान पहुंचे सिख श्रद्धालु

- फूल बरसाकर किया गया स्वागत

**वाघा.** अप्रैल में पहलगाम हमले के बाद पहली बार सिख श्रद्धालुओं के जत्थे ने पाकिस्तान में कदम रखा है। सिख श्री गुरु नानक देव जी के 556वें प्रकाश पर्व के मौके पर पाकिस्तानी अधिकारियों ने फूलों की बौछार करके अटारी-वाघा बॉर्डर पर स्वागत किया। बता दें कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव अब भी कम नहीं हुआ है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने बौखलाहट में गोलीबारी शुरू कर दी थी। दो दिन में ही वह घुटनों पर आ गया और फिर युद्धविराम के लिए गिड़गिड़ाने लगा। यह जत्था गुरुद्वारा ननकाना साहिब, पंजा साहिब, डेरा साहिब और करतारपुर साहिब समेत कई पवित्र स्थलों के दर्शन करेगा और 13 नवंबर को भारत लौटेगा। श्री अकाल तख्त साहिब के कार्यकारी जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज भी जत्थे के साथ रवाना हुए। उन्होंने कहा कि करतारपुर गलियारा खोलने के लिए वह पाकिस्तान में गुरुद्वारा ननकाना साहिब में अरदास करेंगे ताकि गलियारा जल्दी खोल दिया जाये। केंद्र सरकार ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए 12 सितंबर, 2025 को इस यात्रा पर रोक लगा दी थी.

संक्षेप...

## कैबिनेट ने महिला टीम को दी बधाई

**मुंबई.** महाराष्ट्र कैबिनेट ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम को पहली बार आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप का खिताब जीतने पर मंगलवार को बधाई दी. मुख्यमंत्री कार्यालय ने कहा कि कैबिनेट ने विश्व कप जीत में योगदान के लिए महाराष्ट्र की खिलाड़ियों स्मृति मानधना, जेमिमा रोड्रिग्स और राधा यादव को नकद पुरस्कार देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी. हालांकि इसमें राशि का ज़िक्र नहीं किया गया है. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में टीम को बधाई देने का प्रस्ताव पारित किया गया. बयान में कहा गया है कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजीत पवार ने भी टीम की इस उपलब्धि को सराहा.

# नगर पंचायत और नगर परिषद के चुनाव की घोषणा

- **मतदान 2 दिसंबर व मतगणना 3 दिसंबर को**

**मुंबई.** राज्य चुनाव आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार, महाराष्ट्र भर में नगर पंचायत और नगर पंचायतों के लिए 2 दिसंबर को मतदान होगा और 3 दिसंबर को मतगणना होगी। इन चुनावों के नतीजे 3 दिसंबर को घोषित किए जाएँगे। चुनाव आयोग द्वारा किन नगर पंचायतों और नगर पंचायतों के चुनाव होंगे, इसकी विस्तृत ज़िलेवार सूची भी दी गई है।

राज्य में 246 नगर परिषदों और 42 नगर पंचायतों के आम चुनाव होंगे। इनसे 6,849 सदस्य और 288 अध्यक्ष चुने जाएँगे। इस वर्ष 10 नई नगर परिषदों के चुनाव होंगे। इस प्रकार, 236 नगर परिषदों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। साथ ही, राज्य की 47 नगर पंचायतों में से पाँच का कार्यकाल अभी समाप्त नहीं हुआ है। जबकि शेष 42 नगर पंचायतों में चुनाव होंगे। इनमें से 27 नगर पंचायतों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है और इस वर्ष 15 नई नगर पंचायतें जोड़ी गई हैं।



### महाराष्ट्र में कितने शहरों में चुनाव होंगे?

1) पालघर- दहानू, जव्हार, पालघर और वाडा (न.प्र.)

2) रायगढ़- अलीबाग, कर्जत, खोपोली, महाड, माथेरान, मुरुड-जंजीरा, पेन, रोहा, श्रीवर्धन और उरण (न.प्र.)। रत्नागिरी- चिपलून, देवरुख (न.प्र.), गुहागर, खेड़, लांजा (न.प्र.), राजापुर और रत्नागिरी। सिंधुदुर्ग- कंकावली (एन.पी.), मालवन, सावंतवाड़ी और वेंगुर्ला।

3) ठाणे-अंबरनाथ और कुलगांव-बदलापुर।

4) अहिल्यानगर- देवलाली-प्रवर, जामखेड, कोपरगांव, नेवासा (एन.पी.) (एन.पी.), पाथर्डी, रहाटा, राहुरी, संगमनेर, शेवगांव, शिरडी, श्रीगोंडा और श्रीरामपुर।

5) धुले- दोंडाइचा-वरवड़े, पिंपलनेर, सिंदखेड़ा (एन.पी.) और शिरपुर-वरवड़े।

6) जलगांव- जामनेर, अमलनेर, भड़गांव, भुसावल, चालीसगांव, चोपड़ा, धरनगांव, एरंडोल, फैजपुर, मुक्ताईनगर (एन.पी.), नशीराबाद, पचोरा, पारोला, रावेर, सावदा, शेंडुनी (एन.पी.), वरनगांव और यावल।

7) नंदुरबार- शाहदा, नंदुरबार, नवापुर और तलोदा।

8) नासिक- भागुर, मनमाड, नंदगांव, सताना, सिन्नर, येओला, चंदवाड, इगतपुरी, ओजर, पिंपलगांव- बसवंत और त्रिंबक।

9) कोल्हापुर- अजरा (एन.पी.), चांदगढ़ (एन.पी.), गढ़िंगलाज, हटकनंगले, हुपरी, जयसिंगपुर, कागल, कुरुंदवाड, मलकापुर, मुर्गुड, पन्हाला, शिरोल और वडगांव।

10) पुणे- आलंदी, बारामती, भोर, चाकन, दौंड, फुरसुंगी- उराली देवाची, इंदापुर, जेजुरी, जुन्नार, लोनावाला, मालेगांव बू। (एन.पी.), मंचर (एन.पी.), राजगुरुनगर, सासवड, शिरूर, तलेगांव- दाभाड़े और वडगांव (एन.पी.)।

11) सांगली- आष्टा, अटपाडी (एन.पी.), इस्लामपुर, जाट, पलुस, शिराला (एन.पी.), तासगांव और वीटा।

12) सतारा- कराड, महाबलेश्वर, मलकापुर, मेधा (एन.पी.), म्हसवद, पंचगनी, फलटन, रहिमतपुर, सतारा और वाई।

13) सोलापुर- अक्कलकोट, अकलुज, अनागर (एन.पी.), बार्शी, दुधानी, करमाला, कुर्दुवाड़ी, मैदारगी, मंगलवेधा, मोहोल, पंढरपुर और सांगोला।

14) बीड- अंबेजोगाई, बीड, धारूर, गेवराई, माजलगांव और परली- वैजनाथ।

15) छत्रपति संभाजीनगर- फुलबरी (एन.पी.), गंगापुर, कन्नड़, खुलताबाद, पैठन, सिल्लोड और वैजापुर।

16) धाराशिव- भूम, कलांब, मुरुम, नालदुर्ग, धाराशिव, परंदा, तुलजापुर और उमरगा।

17) हिंगोली- बासमतनगर, हिंगोली और कलमनुरी। जालना- अंबाद, भोकरदन और पारतुर।

18) लातूर- अहमदपुर, औसा, निलंगा, रेनापुर (एन.पी.) और उदगीर।

19) नांदेड़- बिलोली, डेगलूर, धर्माबाद, हदगांव, हिमायतनगर (एन.पी.), कंधार, कुंडलवाड़ी, मुदखेड़, मुखेड़, उमरी, भोकर, किनवट और लोहा।

## कोर्ट में दिल का दौरा पड़ने से वकील की मौत

**मुंबई.** वरिष्ठ वकील मालती पवार की एस्प्लेनेड कोर्ट में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। वह मुंबई की फैमिली कोर्ट और बॉम्बे हाईकोर्ट में प्रैक्टिस करती थीं। बताया जा रहा है कि वह कोर्ट के बार रूम में बैठी थीं जब अचानक सीने में दर्द महसूस हुआ। उन्होंने अपने पति रमेश पवार को फोन करके बताया कि तबीयत ठीक नहीं है और कुछ देर आराम करना चाहती हैं। लेकिन कुछ ही देर बाद वह बेहोश होकर गिर पड़ीं। इसके बाद मालती पवार को तुरंत कामा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

उनके पति रमेश पवार का आरोप है कि अगर समय पर मदद मिल जाती तो उनकी पत्नी की जान बचाई जा सकती थी। उन्होंने कहा, 'किसी ने मेरी पत्नी को CPR तक नहीं दिया न ही पास के जीटी अस्पताल ले जाने की कोशिश की। कई लोग तो मोबाइल निकालकर वीडियो बना रहे थे।'

# कैंसर निदान मोबाइल वैन ने स्क्रीनिंग और जागरूकता अभियान शुरू किया

**ठाणे।** जिले के नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ और प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के उद्देश्य से कैंसर निदान मोबाइल वैन अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल और मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज रानाडे के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है और यह वैन जिले के विभिन्न तहसीलों में नागरिकों तक पहुँच रही है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य कैंसर का शीघ्र निदान करके रोगियों की जान बचाना और जन जागरूकता बढ़ाना है।जिला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलाश पवार और जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंगाधर पारगे ने कहा यह मोबाइल वैन ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों के नागरिकों के लिए एक बड़ा वरदान है। अगर समय पर निदान हो जाए, तो कैंसर का सफल इलाज संभव है।यह मोबाइल वैन तीन प्रमुख प्रकार के कैंसर, मुख कैंसर, स्तन कैंसर और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की जाँच के लिए अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य उन नागरिकों को चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करना है जो अस्पताल नहीं पहुँच सकते। जिला परिषद ठाणे ने नागरिकों से इस पहल का अधिकतम लाभ उठाने और अधिक जानकारी के लिए निकटतम सरकारी अस्पताल या प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने की अपील की है।



# बीजेपी नेता का बेटा हाइड्रो गांजा बेचने के आरोप में गिरफ्तार

**नवी मुंबई :** पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स सेल ने बीजेपी के भारत रक्षा मंच की नेशनल प्रेसिडेंट बीना गोगरी के बेटे केयूर जयेश गोगरी (29) को थाईलैंड से स्मगल किया हुआ हाइड्रो गांजा बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी खारघर सेक्टर 19 में उसके घर पर रेड के बाद हुई, जहां पुलिस ने 5,000 कीमत का 800 मिलीग्राम हाइड्रो गांजा ज़ब्त किया। खारघर अपार्टमेंट में रेड एक टिप मिलने पर, एंटी-नारकोटिक्स सेल के सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर संदीप निगडे के नेतृत्व में एक टीम ने 30 अक्टूबर को खारघर की शिवसाई बिल्डिंग में रेड की। तलाशी के दौरान, पुलिस ने गोगरी के अपार्टमेंट से प्लास्टिक पैकेट, एक क्रशर और एक वज़न करने वाली मशीन बरामद की।




अधिकारियों के मुताबिक, यह नशीला पदार्थ कथित तौर पर गोगरी के दो दोस्तों ने गैर-कानूनी रास्तों से थाईलैंड से स्मगल किया था। पूछताछ के दौरान, गोगरी ने कथित तौर पर कबूल किया कि उसने यह चीज़ अपने दोस्त शारिक से ली थी, जो भांडुप का रहने वाला है और इसे थाईलैंड से स्मगल करता है, और कभी-कभी नोमान से भी लेता था, जो उलवे में रहता है। उसने माना कि वह इस ड्रग को खारघर इलाके के लोकल युवाओं को बेचना चाहता था।

## कार्गो कंटेनर में एक विदेशी प्रजाति का सांप मिला

**मुंबई.** एक अजीब घटना में यूनाइटेड किंगडम से उरन आए एक कार्गो कंटेनर के अंदर एक विदेशी प्रजाति का सांप मिला। इस कंटेनर में नहावा शेवा पोर्ट पर रबर के टायर थे। यह सांप, जिसकी पहचान कॉर्न स्नेक (जिसे रेड रैट स्नेक भी कहते हैं) के रूप में हुई है, कथित तौर पर बंद कंटेनर के अंदर लगभग 40 दिनों तक ज़िंदा रहा और फिर मिला।

कार्गो अनलोडिंग के दौरान मिला यह सांप शनिवार को हिंद कंटेनर टर्मिनल पर सामान उतारने के ऑपरेशन के दौरान मिला। कस्टम हाउस एजेंट मिलिंद पाटिल और उनकी टीम तब हैरान रह गई जब उन्होंने टायरों के बीच नारंगी रंग का धारीदार सांप देखा।

# दुबई से आए पैसेंजर के बैगेज में छिपी हुई 87 लाख की विदेशी करेंसी ज़ब्त

**मुंबई.** मुंबई एयरपोर्ट कस्टम्स अधिकारियों ने दुबई से आए एक पैसेंजर को पकड़ा है और उसके चेक-इन बैगेज में छिपी हुई ₹87 लाख के बराबर की विदेशी करेंसी ज़ब्त की है। यह घटना तब हुई जब अधिकारियों को स्मगलिंग की कोशिश के बारे में खास जानकारी मिली थी।

एक टिप-ऑफ के आधार पर, छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर अधिकारियों ने दुबई से आने वाली फ्लाइटए आई 2201 पर कड़ी नज़र रखी। एक पैसेंजर को डिटेल में जांच के लिए पहचाना गया और उसके सामान की जांच की गई। जांच के दौरान, अधिकारियों को एक ट्रॉली बैग के अंदर विदेशी करेंसी के पैकेट साफ-सुथरे तरीके से छिपे हुए मिले।

# विवादों से घिरा माधुरी दीक्षित का कनाडा शो

- **3 घंटे फैंस को करना पड़ा इंतजार**
- **साढ़े 7 के शो में 10 बजे मंच पर आईं**

माधुरी दीक्षित हाल ही में अपने कनाडा टूर के चलते विवादों से घिरती नजर आ रही हैं। माधुरी ने 2 नवंबर को कनाडा में परफॉर्मेंस दी थी। हालांकि अब उनके शो के कई वीडियोज सामने आ रहे हैं, जिसमें लोग दावा कर रहे हैं कि माधुरी अपने ही कॉन्सर्ट में 3 घंटे देरी से पहुंचीं। लोग एक्ट्रेस और ऑर्गेनाइजर्स की जमकर आलोचना कर रहे हैं।

सोशल मीडिया पर माधुरी दीक्षित के शो के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। शो अटेंड करने वाले एक शख्स ने वीडियो जारी कर लिखा है, कितनी बेहूदी रात थी ये, और इन लोगों को इसके लिए पैसे मिलते हैं? इसके साथ शख्स ने लिखा, अगर मैं आपको कोई एक एडवाइज देनी हो तो बस यही कहूंगा कि माधुरी दीक्षित का कनाडा टूर अटेंड न करें। अपने पैसे बचाएं।

वहीं शो देखने पहुंचीं एक महिला ने निराशा जाहिर करते हुए कहा, 'मुझे खुशी है कि मैं उन्हें देख पाई, मैं रात 11:05 बजे निकल गई क्योंकि अगले दिन मुझे काम पर जाना था। सच कहूं तो मुझे नहीं पता कि ये फैसला (देरी से आने का) आयोजकों ने लिया था या उन्होंने खुद किया था कि वह रात 10 बजे आएं। मेरे टिकट पर शुरू होने का समय 7:30 बजे लिखा था। उसमें कहीं भी किसी प्री-शो का जिक्र नहीं था। मैंने सोचा था कि यह बातचीत के साथ कुछ गाने और डांस वाला शो होगा। लेकिन यह बहुत देर से शुरू हुआ और दर्शकों के समय की कोई कद्र नहीं की गई।'



# दिवा में अनधिकृत इमारतों के खिलाफ मनपा की कार्रवाई

**ठाणे.** उच्च न्यायालय में दायर याचिका संख्या 4051/2023 में दिवा प्रभाग समिति क्षेत्र की कुल दस इमारतों में से तीन इमारतों को पहले ही पूरी तरह से खाली कराया जा चुका था। उच्च न्यायालय के आदेशानुसार, शेष सात इमारतों में से दो के खिलाफ सोमवार को कार्रवाई की गई। ठाणे मनपा ने पुलिस बंदोबस्त की कार्रवाई शुरू कर दी है।इस कार्रवाई में अब तक दोनों इमारतों को खाली कराया जा चुका है। व्यावसायिक परिसरों को ध्वस्त कर दिया गया है। साथ ही सभी फ्लैटों के दरवाजे तोड़ दिए गए हैं। उपायुक्त (अतिक्रमण) उमेश बिरारी ने बताया कि शेष इमारतों के खिलाफ भी बेदखली की कार्रवाई जारी रहेगी।इस कार्रवाई में अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे, मनपा उपायुक्त उमेश बिरारी, जोनल उपायुक्त सचिन सांगले, दिनेश तायडे, दिवा प्रभाग समिति के सहायक आयुक्त शिवप्रसाद नागरगोजे, सहायक आयुक्त महेश जामनेर, सोनल काले, सोमनाथ बनसोडे, विजय कवले, गणेश चौधरी, सोपान भाईक आदि उपस्थित थे।



## ट्रैवल एजेंसी के तीन मालिकों के खिलाफ 20 लाख की धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**ठाणे.** ठाणे पुलिस ने ठाणे में एक ट्रैवल एजेंसी के तीन मालिकों के खिलाफ एक आदमी से 20 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने उस आदमी और उसके परिवार के लिए वादा किया हुआ हज का इंतज़ाम नहीं किया। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि आरोपी मुंब्रा के अमृत नगर से अपनी एजेंसी चला रहे थे। 53 साल के शिकायतकर्ता, जो मुंब्रा के रहने वाले हैं, ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस के मुताबिक, यह कथित धोखाधड़ी 2018 और 2019 के बीच हुई, जब पीड़ित ने एजेंसी के ज़रिए अपने और अपने परिवार के लिए हज टूर बुक किया था।

## आम सूचना

हम श्री प्रदीप राम कोटवाणी और अन्य दो जन सभी को सूचित कर रहे हैं कि फ्लैट नं. 20, ग्राऊंड फ्लोर, वाधवाणी बिल्डिंग, सामने बैरक नं. 552, उल्हासनगर- 2. (टैक्स नं. 23बीआय016851300) उक्त प्रॉपर्टी श्री यधाराम अर्जनदास माखीजा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 14.6.2011 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री प्रदीप राम कोटवाणी और अन्य दो जन**

## आम सूचना

मैं श्रीमती मीना बंसीलाल कुकरेजा सभी को सूचित कर रही हूं कि बैरक नं. 230/बी, रुम नं. 7, ढोलूराम दरबार, बेवस चौक, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 16बीआय019122000) उक्त प्रॉपर्टी श्री बंसीलाल टेहलराम कुकरेजा, श्री राजेश बंसीलाल कुकरेजा, श्री प्रकाश बंसीलाल कुकरेजा व श्रीमती नीता सुनिल पुंसी ने रिलीज एग्रीमेंट दि. 3.10.2025 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती मीना बंसीलाल कुकरेजा**

# दिव्यांग यात्रियों को मासिक पास पर 25 प्रतिशत की छूट

**मुंबई.** मुंबई में कफ परेड से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) तक अंडरग्राउंड मेट्रो लाइन-3 का पूरा रूट शुरू हो गया है और इसे यात्रियों का जबरदस्त रिस्पांस मिला है। अंडरग्राउंड मेट्रो को शुरू हुए अभी एक महीना भी नहीं हुआ है। हालांकि यात्रियों की संख्या दोगुनी हो गई है। यह अंडरग्राउंड मेट्रो कई लोगों के लिए फायदेमंद रही है और इसने यात्रा को आरामदायक बनाने के साथ-साथ समय की भी बचत की है। ऐसे में मेट्रो ने एक और अहम फैसला लिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, मुंबई मेट्रो यात्रा के दौरान दिव्यांग यात्रियों को 25 प्रतिशत की छूट देगी। यह छूट मासिक पास पर होगी। यह छूट अगले 10 दिनों में दी जाएगी।



### 'कम से कम 50 प्रतिशत की छूट दी जाए'

यह मांग करते हुए पत्र में लिखा गया है कि महोदय, विनम्र निवेदन है कि दिव्यांग यात्रियों को दी जाने वाली छूट उनकी दिव्यांगता के प्रतिशत के अनुसार निर्धारित की जाए। चूंकि मेट्रो 3 अभी पूरी तरह से सुलभ नहीं है, इसलिए यात्रा के लिए किसी साथी को साथ ले जाना पड़ता है। इसलिए कृपया कम से कम 50 प्रतिशत की छूट देने पर विचार करें। छूट देते समय दिव्यांगों की दिव्यांगता के प्रतिशत का ध्यान रखें और यूडीआईडी कार्ड पर दिव्यांगता का प्रतिशत देखकर ही छूट दें। यह कम से कम 50 प्रतिशत होनी चाहिए। इससे बहुत लाभ होगा।

## CHANGE OF NAME

I Declare My Old Name is
**SIMRAN RAJU SIDWANI**
to New Name
**MICHELLE ARUN BHATIA.**
So All Public now call me
**MICHELLE ARUN BHATIA**

**ULHASNAGAR MUNICIPAL CORPORATION**
**उल्हासनगर महानगरपालिका**

मुख्य प्रशासकिय इमारत, चोपडा कोर्ट रोड, उल्हासनगर - 421003
दुरध्वनी क्र. 0259 2720116 विस्तार क्र. 204 फॅक्स क्र. 0251 2720104 संकेतस्थळः www.umcgov.com

दिनांक : 05 नोव्हेंबर, 2025

-: कंत्राटी पदभरती जाहिरात :-
सामान्य प्रशासन विभाग
उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर

**थेट मुलाखतीद्वारे (Walk-in-interview) कंत्राटी पध्दतीने उद्यान अधिक्षक पद भरण्याबाबत...**

उद्यान विभाग, उल्हासनगर महानगरपालिका अख्यत्यारीत उद्यान अधिक्षक या पदावर काम करणेकरिता (कंत्राटी पध्दतीने) मान्यता प्राप्त कृषि विद्यापीठाची बी.एस.सी., (हार्टिकल्चर्स) ऍग्रीक्लचर / फॉरेस्ट्री पदवी / मान्यता प्राप्त विद्यापीठाची वनस्पती शास्त्रातील पदवी धारण करणारे अहर्ताधारक उमेदवारामधून मुलाखतीद्वारे (Walk-in-interview) भरणे आहेत. सदर पदासाठी लागणारी अहर्ता, अटी व शर्ती तसेच अर्जाचा नमूना या कार्यालयीन अधिकृत संकेतस्थळावर http://www.umc.gov.in/ उपलब्ध आहे. उमेदवारांनी सदर अर्ज डाऊनलोड करुन संपूर्ण भरलेला अर्ज आवश्यक सर्व प्रमाणपत्र मुळ व छायांकित प्रतिंसह स्थायी समिती सभागृह, पहिला मजला, उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर येथे दिनांक 12 नोव्हेंबर, 2025 रोजी, दुपारी 12:00 वाजता उपस्थित राहावे.

जाक्र. उमपा/पीआरओ/354/2025
दिनांक - 04/11/2025

सही/-
**(अजय साबळे)**
सहा. आयुक्त (साप्रवि)
उल्हासनगर महानगरपालिका

उल्हास वि NEWS LIVE
FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
Subscribe
मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगढ़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर
Since 1985


www.ulhasvikas.com epaper.ulhasvikas.com
Chief Editor Hero Ashok Bodha
L.L.B., BMM, MA (PS)

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099